Title: Demand to re-estabilish the Administrative Officers" Railway Works office at Bilaspur, Madhya Pradesh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के बिलासपुर जिले के प्रशासनिक अधिकारी रेलवे निर्माण के दफ्तर को पुनः बहाल करने के संबंध में मैं कहना चाहता हूं।

मध्य प्रदेश बिलासपुर के सी.ओ. का ऑफिस प्रशासनिक अधिकारी रेलवे निर्माण दफ्तर जो बहुत वर्षों से चल रहा था, उसे बंद कर दिया गया है और अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। टर्मिनल ऑफिस वहां है। बिलासपुर-रायपुर टर्मिनल जो बन चुके हैं, उसके बाद रागा टर्मिनल बनने वाला है। रायपुर-बिलासपुर तीसरी रेल लाईन का निर्माण शुरू है। बिलासपुर में रेलवे ज़ोन का निर्माण हुआ है। अंबिकापुर-विश्रामपुर रेलवे लाइन चलाई जा रही है। निर्माण कार्य लंबित पड़ा हुआ है। मेरा निवेदन है कि प्रशासनिक अधिकारी रेलवे निर्माण के दफ्तर को पुनः वहां बहाल किया जाए जिससे निर्माण कार्य जल्दी प्रारंभ हो सके और निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद काम सुचारु रूप से चले और जल्दी कार्य पूर्ण हो।